**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 12.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के विमान का बड़ा हादसा हो गया है। एयर इंडिया का विमान टेक ऑफ के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। यह हादसा मेघानी नगर के गुजसैल के पास हुआ है। एनडीआरएफ द्वारा घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। यह विमान अहमदाबाद से लंदन की उड़ान पर था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक विमान के इंजन में तकनीकी खराबी के कारण यह हादसा हुआ है।

*****************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान जमीनी स्तर पर किसानों की समस्याओं और चुनौतियों को समझने में मदद करेगा। इस अभियान के समापन के अवसर पर गुजरात के बारडोली में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने भारत के कृषि पुनर्जागरण के लिए केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी रोडमैप को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिकल्पना के बारे में बताते हुए श्री चौहान ने व्यापक विकसित भारत पहल के अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जमीनी स्तर की खेती के तरीकों के साथ वैज्ञानिक अनुसंधान के एकीकरण पर जोर दिया।

*****************

केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने भारत और विश्वस्तर पर योग को एक परिवर्तनकारी स्वास्थ्य अभ्यास के रूप में बढ़ावा देने में मोदी सरकार के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला है। आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष भेंट में आयुष मंत्री ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में बात की, जिसमें वर्ष 2014 में आयुष मंत्रालय के निर्माण से लेकर दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की भारत की महत्वपूर्ण पहल शामिल है। इससे भारत की प्राचीन विरासत विश्व मंच पर आगे आई है।

*****************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जामताड़ा जिले में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों से प्रेरित होकर योग संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशेष कर महिलाओं के बीच जागरूकता बढ़ी है। योग प्रशिक्षिका सोनाली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पुरुषों के साथ–साथ कामकाजी महिलाएं भी समय निकालकर योग साधना कर रही हैं।

*****************

आज विश्व बालश्रम निषेध दिवस है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र बाल कोष से कल जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024 में लगभग तेरह करोड़ अस्सी लाख बाल श्रमिक थे। इनमें से लगभग पांच करोड़ चालीस लाख बच्चे ऐसे खतरनाक कामों में लगे हुए थे जो उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास के प्रतिकूल है। इधर, झारखंड में भी बालश्रम की रोकथाम के लिए जागरुकता के कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

*****************

श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए देवघर से दिल्ली के बीच पहली बार 222 सीटर विमान सेवा की शुरुआत हो रही है। इसकी पुष्टि एयरपोर्ट अथॉरिटी ने की है। यह सेवा सावन माह में सप्ताह में तीन दिन चलेगी, जिसकी घोषणा जल्द की जाएगी। गौरतलब है कि देवघर एयरपोर्ट से देश के कई शहरों की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, जिससे संताल परगना, अंग प्रदेश और पारसनाथ क्षेत्र के यात्रियों को भी लाभ मिल रहा है।

*****************

जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ साकची थाना के आमने प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने थाना प्रभारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें अविलंब हटाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा।

*****************

राज्य के अधिकांश जिलों में पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं होने की वजह से गर्मी और उमस  बढ़ गई है। आज रांची में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। और उमस 96 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मौसम विभाग ने 14 जून से राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है, जिससे राहत मिलने की उम्मीद है।

*****************

एफआईएच हॉकी प्रो लीग में आज शाम भारतीय पुरुष टीम का सामना अर्जेंटीना से होगा। नीदरलैंड्स के एम्सटेलवीन के वेगनर हॉकी स्टेडियम में यह मैच भारतीय समय के अनुसार शाम साढे छह बजे से शुरू होगा।

*****************